# म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल

चयन भवन, मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 462011

फोन नं. .+91-755-2578801, 02, 03, 04 फैक्स : .+91-755-2550498

## प्री- एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT) - 2025

### परीक्षा संचालन एवं प्रवेश नियम पुस्तिका

| ऑनलाईन आवेदन-पत्र | |
|---|---|
| भरने की प्रारम्भ तिथि : **24/06/2025** | भरने की अंतिम तिथि : **08/07/2025** |
| आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि : **24/06/2025** | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : **13/07/2025** |
| परीक्षा दिनांक व दिन | **26/07/2025 शनिवार से प्रारंभ** |
| **परीक्षा शुल्क** | |
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | रू. 500/- |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ नि:शक्तजन एवं ई.डब्लू.एस. अभ्यर्थियों के लिये ( केवल म.प्र. के मूल निवासियो के लिये ) | रू. 250/- |
| ऑनलाईन आवेदन -कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा । रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा । | |

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| **26/07/2025 शनिवार से प्रारंभ** | प्रथम | प्रात: 07:00- 08:00 बजे | 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक (3:00 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00- 02:00 बजे | 02:50 से 03:00 बजे तक (10 मिनट) | दोपहर 03:00 से 06:00 बजे तक (3:00 घंटे) |

टिप्पणी :-

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है ।
2. मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यु.आई.डी.ए.आई **(UIDAI )** के द्वारा सत्यापित (Verify ) होने पर ही ई आधार मान्य होगा । मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा ।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड / ई. आधार कार्ड / आधार कार्ड की छायाप्रति / आधार नंबर / आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं |
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में डिवाईस इलेक्ट्रानिक यथा डिजिटल घडी मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी ।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण **MPESB** द्वारा नहीं किया जाता हैं **|** अतः कम्प्युटर आधारित **online** परीक्षा मे उम्मीदवारो की पात्रता (**Eligibility**) पूर्णत प्रावधिक (Provisional) होगी **|**

# म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल

चयन भवन, मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 462011

फोन नं. .+91-755-2578801, 02, 03, 04 फैक्स : .+91-755-2550498

**प्री- एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT) - 2025**

**विषय-सूची**


| स.क्रं. | अध्याय | विवरण | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 | मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग प्रवेश नियम | 03-19 |
| 2. | 2 | म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल की परीक्षा संचालन संबंधी नियमावली एवं निर्देश | 20-35 |
| 3. | 3 | परीक्षा का पाठ्यक्रम | 36-46 |
| 4. | 4 | विभिन्न प्रमाण पत्रों के प्रारूप | 47-63 |

## अध्याय - 1

## मध्यप्रदेश शासन

## किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

# पी.ए.टी.परीक्षा 2025: प्रवेश नियम

**1.1 <u>सामान्य जानकारी:</u>** ये नियम पी.ए.टी. परीक्षा प्रवेश नियम 2025 कहलायेगें, जो कि मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा जारी तथा म.प्र .कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा प्रकाशित किये गयें हैं वे निम्नलिखित पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु लागू होगें:

| क्र. | पाठयक्रम | अवधि | प्रवेश स्थिति | प्रवेश हेतु योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस सी. (आनर्स) कृषि | 4 वर्ष | 1. ज.ने.कृषि वि.वि., जबलपुर के अन्तर्गत जबलपुर, रीवा, टीकमगढ़, गंजबासौदा (विदिशा), वारासिवनी (बालाघाट), पवारखेड़ा (होशंगाबाद), खुरई (सागर) एवं पन्ना<br>2. रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर, के अन्तर्गत ग्वालियर, इंदौर, सीहोर एवं खण्डवा | माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. की 10+2 की 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा निम्न विषयों सहित उत्तीर्ण<br>(अ) विज्ञान समूह- अर्थात भौतिकी, रसायन एवं निम्न में से कोई एक (1) गणित, (2) जीव विज्ञान (3) कृषि<br>**अथवा**<br>(ब) कृषि समूह<br>(1) कृषि के लिए उपयोगी विज्ञान एवं गणित<br>(2) फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र एवं पशुपालन एवं कुक्कुट पालन के तत्व।<br>**अथवा**<br>(स) विज्ञान समूह- अर्थात जीव विज्ञान, रसायन एवं कृषि |
| 2 | बी.एस सी. (आनर्स) उद्यानिकी | 4 वर्ष | 1. ज.ने.कृषि वि.वि., जबलपुर के अन्तर्गत रहली (सागर) एवं छिन्दवाड़ा<br>2. रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर के अन्तर्गत मंदसौर | |
| 3 | बी.एस सी. (आनर्स) वानिकी | 4 वर्ष | ज.ने.कृषि वि.वि., जबलपुर के अंतर्गत जबलपुर | |
| 4 | बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी) | 4 वर्ष | ज.ने.कृषि वि.वि., जबलपुर के अंतर्गत कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर | भौतिकी, रसायन एवं गणित, अंग्रेजी विषय के साथ |

## 1.2 अर्हकारी योग्यता

1.2.1 इन चारों पाठयक्रमों की प्रवेश परीक्षा में वे छात्र भी सम्मिलित हो सकते हैं, जो इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश की 10+2 पद्धति की 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं या होने वाले हैं। किन्तु इन छात्रों का उपरोक्त पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु चयन तभी मान्य होगा जब वे प्रवेश के समय अर्हकारी 10+2 पद्धति की 12 वी कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की अंक सूची प्रस्तुत करेगें। ऐसे आवेदक जो इस वर्ष की अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण न होकर बाद की किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं वे प्रवेश के पात्र नहीं होगें, भले ही उन्होंने पी.ए.टी. की प्रावीण्य सूची में स्थान क्यों न प्राप्त कर लिया हो।

1.2.2 इन पाठयक्रमों में प्रवेश म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा जारी प्रावीण्यता सूची के आधार पर दिया जावेगा।

**1.3 उपलब्ध सीट एवं आरक्षण:**

1.3.1 चारों पाठयक्रमों में उपलब्ध सीटों एवं श्रेणीवार आरक्षण का विवरण तालिका में 1.1 (अ) एवं 1.1 (ब) पर है जिनमें किसी विद्यमान श्रेणी/वर्ग को जोड़ने अथवा घटाने का अधिकार मध्यप्रदेश शासन, कृषि विभाग को होगा एवं इस प्रकार की सूचनाएं संचार माध्यमों के द्वारा सूचित की जावेगीं।

1.3.2 प्रत्येक महाविद्यालय में निम्नानुसार स्थानों का आरक्षण किया जावेगा।

1.3.2.1 मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुत्रों/पुत्रियों के लिए क्रमश: 15, 21 एवं 27 प्रतिशत।

1.3.2.2 सभी आरक्षित वर्गों में मध्यप्रदेश में स्थायी कृषि में कार्यरत किसानों जिनकी जीविका पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित है, के पुत्र/पुत्रियों के लिए 5 प्रतिशत होरीजोन्टल आरक्षण का प्रावधान होगा।

1.3.2.3 महिला उम्मीदवारों के लिए 33 प्रतिशत होरीजोन्टल आरक्षण रहेगा। यदि किसी श्रेणी में निर्धारित मापदण्ड के आधार पर 33 प्रतिशत महिलाएं न मिलें तो उनके रिक्त स्थानों की पूर्ति उसी श्रेणी के पुरूषों से की जावेगी।

1.3.2.4 स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के पुत्र/पुत्रियों/पौत्र/पौत्रियों,नाती/नातिन एवं भारतीय सेना में कर्तव्य के दौरान वीरगति को प्राप्त अथवा स्थाई रूप से नि:शक्त हुए सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों एवं भूतपूर्व तथा कार्यरत सेना के कर्मियों (Defence Personnel) के आश्रितों/सेन्ट्रल आर्म पुलिस फोर्स के बच्चों के लिए तथा इन वर्गो के निःशक्त श्रेणी के लिए संयुक्त रूप से 03 प्रतिशत स्थान आरक्षित रखे जायेंगे। परन्तु यह आरक्षण संबंधित संवर्ग के लिए आरक्षित स्थानों से ही उपलब्ध कराया जाएगा। भारतीय सशस्त्र सेना के निम्न कर्मी/अधिकारी इस आरक्षण के पात्र होगे-

1. युद्ध के दौरान शहीद की विधवा एवं उनके आश्रित ।
2. युद्ध के दौरान स्थायी रूप से अपंग, कार्यरत सैनिकों एवं उनके आश्रित ।
3. शांति के दौरान सेवाकाल में शहीद के आश्रित ।
4. शांति के दौरान सेवाकाल में स्थायी रूप से नि:शक्त हुए सैनिकों के आश्रित।
5. निम्न शौर्य पदकों से सम्मानित सेवारत अथवा पूर्व सैनिकों के आश्रित, परमवीर चक्र, अशोक चक्र, सर्वोत्तम युद्ध सेवा मैडल, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, उत्तम सेवा मैडल, वीर चक्र, शौर्य चक्र, युद्ध सेवा मैडल, सेना,नौसेना/वायु सेना मेडल पत्रों में उल्लेख ।
6. भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित ।
7. कार्यरत सैनिकों के आश्रित ।

स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के पुत्र/पुत्रियों/पौत्र/पौत्रियों, नाती/नातिन एवं भारतीय सेना में कर्तव्य के दौरान वीरगति को प्राप्त अथवा स्थाई रूप से नि:शक्त हुए सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों एवं भूतपूर्व तथा कार्यरत सेना के कर्मियों (Defence Personnel) के आश्रितों/सेन्ट्रल आर्म पुलिस फोर्स के बच्चों के लिए तथा इन वर्गों के नि:शक्त श्रेणी के लिए संयुक्त रूप से 03 प्रतिशत आवेदक उपलब्ध न होने पर उसी श्रेणी के सामान्य आवेदकों से भरे जावेंगे ।

1.3.2.5 दिव्यांग हेतु प्रवेश क्षमता की 5 प्रतिशत सीट्स (होरीजोन्टल) प्रावीण्यता के आधार पर विकलांग / दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के उपबंधो के अनुसार बेंचमार्क विकलांगता वाले अभ्यर्थियों द्वारा भरी जाएँगी यदि किसी श्रेणी विशेष में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित सीटें, अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण बिना भरी रह जाती है तो इन सीटों को सम्बंधित श्रेणी के लिए स्वीकृत सीटों में शामिल कर लिया जायेगा ।

1.3.2.6 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) को भारत सरकार द्वारा 103 वें संविधान संशोधन, अधिनियम 2019 में दिये गये प्रावधान के अनुरूप मध्य प्रदेश राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) जो संविधान के अनुच्छेद – 341 एवं 342 के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के लिये अधिसूचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-85-25-4-84, दिनांक 26 दिसम्बर 1984 द्वारा विर्निदिष्ट अन्य पिछड़े वर्ग को प्रदत्त आरक्षण की परिधि में नहीं आते हैं, को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। प्रमाण-पत्र का प्रारूप 13 (अ) संलग्न है।

1.3.2.7 आरक्षित स्थानों पर प्रतिशत निकालते समय दाश्मिक अंक 0.5 या उससे अधिक होने पर एक तथा 0.5 से कम होने पर शून्य माना जावेगा।

1.3.2.8 आवेदक को उसकी श्रेणी के अन्तर्गत केवल एक वर्ग में ही उसके आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।

1.3.2.9 आरक्षित श्रेणी के किसी वर्ग में यदि पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हों, तो रिक्त स्थानों की पूर्ति उसी श्रेणी के बिना वर्ग के अभ्यर्थियों से की जावेगी। आरक्षित श्रेणी में बिना वर्ग के प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर उनके रिक्त स्थानों को निम्नानुसार अन्य श्रेणी में परिवर्तित कर भरा जावेगा।

अनुसूचित जनजाति के लिए रिक्त स्थान को अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों से भरे जावेगें। इसी प्रकार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रिक्त स्थान को अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों से भरे जावेगें। इन दोनों श्रेणियों के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर इन श्रेणियों के रिक्त स्थानों को अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों से भरा जावेगा। जब इन तीनों श्रेणियों के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होगें तब रिक्त स्थान अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरे जावेगें।

1.3.2.10 जिस श्रेणी/वर्ग में प्रवेश हेतु आवेदन किया जा रहा है अभ्यर्थी को उससे संबंधित श्रेणी/वर्ग का प्रमाण पत्र नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप अथवा मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1.3.2.11 अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्रों में अंकित वर्ग, जिसमें उसके द्वारा आरक्षण का लाभ चाहा जा रहा है, परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

## 1.4 पेमेन्ट सीटों पर प्रवेश

1.4.1 प्रत्येक पाठयक्रम में प्रवेश क्षमता के अतिरिक्त 20 प्रतिशत सीटों पर पेमेन्ट सीटों के रूप में प्रवेश दिया जावेगा। इन सीटों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए क्रमश: 15 प्रतिशत, 21 प्रतिशत एवं 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेगीं।

1.4.2 विभिन्न संकायों में पेमेन्ट सीटों पर प्रवेश पी.ए.टी., परीक्षा की प्रावीण्यता / प्रतीक्षा सूची में उपलब्ध अभ्यर्थियों को दिया जावेगा।

1.4.3 किसी भी ऐसी पेमेन्ट सीट, जिसके लिए संबंधित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी उपलब्ध न हो, तो ऐसी अवस्था में अनारक्षित वर्ग की सूची से नियमानुसार प्रवेश दिया जा सकेगा। किन्तु किसी भी छात्र को 10+2 परीक्षा की प्रावीण्यता के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

## 1.5 <u>प्रमाण पत्र</u>

1.5.1. प्रवेश देने पर अभ्यर्थी के आवश्यक मूल अभिलेख/प्रमाण पत्र जाँच करने के पश्चात् संबंधित अभ्यर्थी को वापिस कर दिये जायेगें एवं सभी अभिलेखों के रंगीन स्वप्रमाणित/सत्यापित छायाप्रति महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर लिये जावेगें।

1.5.2 प्रवेशित छात्र/छात्राओं को प्रवेश के समय विश्वविद्यालयों के नियमों के पालन हेतु निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1.5.3 यदि कोई अभ्यर्थी आवंटित प्रवेश पत्र में उल्लेखित दिनांक को महाविद्यालय में उपस्थित नहीं होता है अथवा उपस्थित होकर छोड़ देता है अथवा संस्था प्रमुख को सूचित किए बिना लगातार 15 दिवस अनुपस्थित रहता है, तो उस सीट के लिए उसके सभी अधिकार स्वतः ही समाप्त हो जावेगें।

## 1.6 <u>पेमेन्ट सीट का वर्गीकरण:-</u>

1.6.1.(अ) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में शिक्षण सत्र 2025-2026 में पेमेन्ट सीटों का पाठयक्रम एवं आरक्षणवार वर्गीकरण निम्नानुसार होगा:

| क्र. | पाठयक्रम | 20% पेमेन्ट सीटों का वर्गीकरण | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित (UR) | | | अनु. जाति (SC) | | अनु.जनजाति (ST) | | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | योग |
| | | X | F | PWD | X | F | X | F | X | F | EWS | |
| 1 | बी.एस सी., (आनर्स) कृषि | 23 | 15 | 2 | 12 | 6 | 17 | 8 | 21 | 11 | 4 | **119** |
| 2 | बी.एस सी., (आनर्स) उद्यानिकी | 05 | 03 | 01 | 03 | 01 | 03 | 02 | 05 | 02 | 01 | **26** |
| 3 | बी.एस सी., (आनर्स) वानिकी | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | **06** |
| 4 | बी.टेक कृषि अभियांत्रिकी | 03 | 02 | 00 | 01 | 01 | 02 | 01 | 03 | 01 | 01 | **15** |

1.6.1 (ब) राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में शिक्षण सत्र 2025-2026 में पेमेन्ट सीटों का पाठ्यक्रम एवं आरक्षणवार वर्गीकरण निम्नानुसार होगा:

| क्र. | पाठयक्रम | 20% पेमेन्ट सीटों का वर्गीकरण | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित (UR) | | | अनु. जाति (SC) | | अनु. जनजाति (ST) | | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | योग |
| | | X | F | PWD | X | F | X | F | X | F | EWS | |
| 1 | बी.एस सी. (आनर्स) कृषि | 13 | 8 | 1 | 7 | 3 | 10 | 4 | 12 | 5 | 3 | **66** |
| 2 | बी.एस सी. (आनर्स) उद्यानिकी | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | **13** |

1.6.2 अनारक्षित श्रेणी की पेमेन्ट सीट पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य नहीं होगा, परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनारक्षित श्रेणी की PWD एवं EWS की पेमेन्ट सीट पर प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य होगा।

1.6.3 पेमेन्ट सीट के तहत प्रवेश की अंतिम तिथियों की सूचना संबंधित कृषि विश्वविद्यालयों के वेब पोर्टल के साथ-साथ लोकप्रिय संचार माध्यमों के द्वारा प्रसारित की जावेगी।

1.6.4 प्रत्येक श्रेणी की पेमेन्ट सीट में महिला अभ्यर्थियों के लिए 33 प्रतिशत होरिजेण्टल आरक्षण रखा जाएगा। पात्र महिला अभ्यर्थी नहीं मिलने पर उसी श्रेणी के पुरूष अभ्यर्थियों से स्थान भरे जा सकेंगे।

1.7 **<u>एन.आर.आई.वर्ग हेतु आरक्षण:</u>**

1.7.1 प्रत्येक पाठयक्रम में प्रवेश क्षमता के अतिरिक्त 5 प्रतिशत सीटें एन.आर.आई. हेतु आरक्षित होगीं। इन सीटों पर संबंधित पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों को 20 मई, 2025 अथवा उसके पूर्व ज.ने. कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर या राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में निम्नलिखित प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन करना होगा।

1.7.2 10+2 प्रणाली की 12 वीं कक्षा की परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में 45 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा इनकी अंकसूची संलग्न करना भी अनिवार्य है।

1.7.3 एन.आर.आई. प्रमाण पत्र प्रारूप-10 अथवा विदेश में स्थित भारतीय राजनयिक मिशन अथवा चांस्लरी से अथवा कमीशन से इस आशय का प्रमाण पत्र कि अभ्यर्थी के पिता/माता उस देश में अप्रवासी भारतीय है।

1.7.4 एन.आर.आई. कोटे के अन्तर्गत उपलब्ध सीटों का विश्वविद्यालयों द्वारा कम से कम दो बार राष्ट्रीय स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों में विज्ञापित करने के पश्चात भी सीटें रिक्त रहने पर एन.आर.आई. सीटें स्वत: ही पेमेंट सीटों में परिवर्तित हो जायेंगी। प्रथम विज्ञापन माह अप्रैल 2025 में जारी करना होगा। इनकी सूचना दिल्ली स्थित दूतावासों को भी देना होगी।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत महाविद्यालय एवं वर्गवार सीटों का विवरण निम्नानुसार होगा: सत्र 2025-26

तालिका 1.1(अ)

बी.एस सी.(आनर्स) कृषि / उद्यानिकी/वानिकी (आनर्स) /बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी)

| महाविद्यालय का नाम | अनारक्षित (यू.आर) | | | | | अनु.जाति (एस.सी.) 15% | | | | | अनु. जनजाति (एस.टी.) 21% | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) 27% | | | | | योग | | | | | | महा योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी.एस सी. (आनर्स) कृषि | X | F | FF/S | PWD | EWS | X | F | K | FF/S | PWD | X | F | K | FF/S | PWD | X | F | K | FF/S | PWD | X | F | K | FF/S | PWD | EWS | |
| जबलपुर | 14 | 10 | 0 | 1 | 3 | 6 | 4 | 1 | 0 | 1 | 9 | 5 | 1 | 0 | 1 | 11 | 7 | 1 | 1S | 1 | 40 | 26 | 3 | 1 | 4 | 3 | 77 |
| रीवा | 14 | 9 | 1FF | 1 | 3 | 6 | 4 | 1 | 0 | 1 | 9 | 5 | 1 | 0 | 1 | 11 | 7 | 1 | 1F | 1 | 40 | 25 | 3 | 2 | 4 | 3 | 77 |
| टीकमगढ़ | 14 | 9 | 1S | 1 | 3 | 6 | 4 | 1 | 0 | 1 | 9 | 5 | 1 | 0 | 1 | 11 | 7 | 1 | 1S | 1 | 40 | 25 | 3 | 2 | 4 | 3 | 77 |
| गंजबासौदा (विदिशा) | 14 | 9 | 1FF | 1 | 3 | 6 | 4 | 0 | 0 | 1 | 9 | 5 | 1 | 1S | 1 | 11 | 7 | 1 | 1F | 1 | 40 | 25 | 2 | 3 | 4 | 3 | 77 |
| वारासिवनी (बालाघाट) | 14 | 9 | 1S | 1 | 3 | 6 | 4 | 0 | 1F | 0 | 9 | 5 | 1 | 1F | 1 | 11 | 7 | 1 | 1S | 1 | 40 | 25 | 2 | 4 | 3 | 3 | 77 |
| पवारखेडा (होशंगाबाद) | 14 | 9 | 0 | 2 | 3 | 6 | 3 | 1 | 1S | 0 | 9 | 6 | 1 | 1S | 1 | 11 | 7 | 1 | 0 | 1 | 40 | 25 | 3 | 2 | 4 | 3 | 77 |
| खुरई (सागर) | 12 | 9 | 1FF | 2 | 2 | 6 | 3 | 0 | 0 | 0 | 7 | 5 | 0 | 1F | 0 | 10 | 6 | 1 | 0 | 1 | 35 | 23 | 1 | 2 | 3 | 2 | 66 |
| पन्ना | 12 | 9 | 1S | 2 | 2 | 6 | 3 | 1 | 1F | 0 | 7 | 5 | 0 | 0 | 0 | 10 | 5 | 1 | 0 | 1 | 35 | 22 | 2 | 2 | 3 | 2 | 66 |
| **योग** | **108** | **73** | **3/3** | **11** | **22** | **48** | **29** | **5** | **2/1** | **4** | **68** | **41** | **6** | **2/2** | **6** | **86** | **53** | **8** | **2/3** | **8** | **310** | **196** | **19** | **18** | **29** | **22** | **594** |
| बी.एस सी. (आनर्स) उद्यानिकी रहली | 12 | 08 | 1S | 1 | 2 | 5 | 3 | 1 | 0 | 1 | 8 | 4 | 0 | 1FF | 1 | 9 | 6 | 1 | 1S | 1 | 34 | 21 | 2 | 3 | 4 | 2 | **66** |
| बी.एस सी. (आनर्स) उद्यानिकी छिन्दवाड़ा | 12 | 8 | 1FF | 1 | 2 | 6 | 3 | 0 | 1S | 0 | 8 | 4 | 1 | 0 | 1 | 10 | 6 | 1 | 0 | 1 | 34 | 21 | 3 | 2 | 4 | 2 | **66** |
| **योग** | **24** | **16** | **1/1** | **2** | **4** | **11** | **6** | **1** | 0/1 | **1** | **16** | **8** | **1** | **1/**0 | **2** | **19** | **12** | **2** | 0/1 | **2** | **68** | **42** | **5** | **5** | **8** | **4** | **132** |
| बी.एस सी. (आनर्स) वानिकी, जबलपुर | 5 | 3 | 0 | 1 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 5 | 3 | 0 | 0 | 0 | 17 | 9 | 0 | 0 | 1 | 1 | **28** |
| **योग** | **5** | **3** | **0** | **1** | **1** | **3** | **1** | **0** | **0** | **0** | **4** | **2** | **0** | **0** | **0** | **5** | **3** | **0** | **0** | **0** | **17** | **9** | **0** | **0** | **1** | **1** | **28** |
| बी.टेक कृषि अभियांत्रिकी जबलपुर | 14 | 9 | 1FF | 1 | 3 | 6 | 4 | 1 | 0 | 1 | 9 | 5 | 1 | 0 | 1 | 11 | 7 | 1 | 1S | 1 | 40 | 25 | 3 | 2 | 4 | 3 | **77** |
| **योग** | **14** | **9** | **1/0** | **1** | **3** | **6** | **4** | **1** | **0** | **1** | **9** | **5** | **1** | **0** | **1** | **11** | **7** | **1** | **0/1** | **1** | **40** | **25** | **3** | **2** | **4** | **3** | **77** |

**<u>Note:</u>** वर्ग: F= महिला, K= कृषक, FF/S= स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी /सैनिक, EWS=Economically Weaker Section, PWD=दिव्यांग, X= इन पांचो मे से कोई नहीं अर्थात बिना संवर्ग।

***टीप:** प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर के विद्यार्थियों को बी.एस सी. (आनर्स) कृषि में 02 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा.

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अन्तर्गत महाविद्यालय एवं वर्गवार सीटों का विवरण निम्नानुसार होगा: सत्र 2025-26

तालिका 1.1 (ब)

बी.एस सी. (आनर्स) कृषि /उद्यानिकी

| महाविद्यालय का नाम | अनारक्षित (यू.आर) | | | | | अनु.जाति (एस.सी.) 15% | | | | | अनु. जनजाति (एस.टी.) 21% | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) 27% | | | | | योग | | | | | | महा योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी.एस सी. (आनर्स) कृषि | X | F | FF/S | PWD | EWS | X | F | K | FF/S | PWD | X | F | K | FF/S | PWD | X | F | K | FF/ S | PWD | X | F | K | FF/S | PWD | EWS | |
| ग्वालियर | 18 | 9 | 1FF | 1 | 3 | 7 | 5 | 1 | 0 | 1 | 10 | 6 | 1 | 1FF | 1 | 13 | 8 | 1 | 1FF | 1 | 48 | 28 | 2 | 3/0 | 4 | 3 | **88*** |
| इन्दौर | 18 | 9 | 1FF | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 1FF | 1 | 10 | 6 | 0 | 0 | 1 | 13 | 8 | 1 | 1S | 1 | 48 | 27 | 2 | 2/1 | 5 | 3 | **88** |
| सीहोर | 18 | 9 | 1S | 1 | 3 | 7 | 4 | 1 | 1FF | 1 | 10 | 6 | 1 | 1S | 1 | 12 | 8 | 1 | 1FF | 1 | 47 | 27 | 3 | 2/2 | 4 | 3 | **88** |
| खण्डवा | 12 | 9 | 1FF | 1 | 3 | 5 | 3 | 0 | 0 | 0 | 7 | 5 | 1 | 0 | 1 | 10 | 6 | 1 | 0 | 1 | 34 | 23 | 2 | 1/0 | 3 | 3 | **66** |
| **योग** | **66** | **36** | **3/1** | **5** | **12** | **26** | **16** | **3** | **2/0** | **3** | **37** | **23** | **3** | **1/1** | **4** | **48** | **30** | **4** | **2/1** | **4** | **177** | **105** | **9** | **8/3** | **16** | **12** | **330** |
| बी.एस सी. (आनर्स) उद्यानिकी मंदसौर | **12** | **9** | **1FF** | **1** | **3** | **5** | **3** | **0** | **0** | **0** | **7** | **5** | **1** | **0** | **1** | **10** | **6** | **1** | **0** | **1** | **34** | **23** | **2** | **1/0** | **3** | **3** | **66** |

**Note:** वर्ग: F= महिला, K= कृषक, FF/S= स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी /सैनिक, EWS=Economically Weaker Section, PWD=दिव्यांग, X= इन पांचो मे से कोई नहीं अर्थात बिना संवर्ग।

*टीप: प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर के विद्यार्थियों को बी.एस सी. (आनर्स) कृषि में 02 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

1.8 **शारीरिक योग्यता:** केवल बी.एस सी. (आनर्स) वानिकी पाठयक्रम में प्रवेश हेतु प्रत्याशियों को प्रवेश के पूर्व निम्नानुसार शारीरिक स्तर प्राप्त करना आवश्यक है।

(i) Height= 163 cms
(ii) Chest girth fully expanded 84 cms Chest expansion 5 cms

**Note:** The minimum height limit in case of Gorkhas, Nepalis, Garhwalis, Kumaoni and people of Manipur, Tripura, Sikkim, NEFA, Laddakh & Bhutan is fixed at 152.5 cms

**Preference:** Candidates who have passed “B” or “C” certificate of NCC.

1.8.1 **स्वास्थ्य अर्हता:** सभी स्नातक उपाधि के लिए चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। स्वास्थ्य प्रमाण पत्र सहायक शल्य चिकित्सक/सहायक भेषज अधिकारी या कृषि विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी का मान्य होगा।

1.8.2 आयु सीमा: सभी स्नातक उपाधि के लिए प्रवेश हेतु न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।

1.8.3 बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा में सभी पाठ्यक्रमों के लिए 12 वीं की परीक्षा में न्यूनतम अंक का बंधन नहीं हैं

1.8.4 **<u>वास्तविक निवासी की शर्तें:</u>** पाठयक्रम की सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से केवल ऐसे अभ्यर्थी को ही प्रवेश की पात्रता होगी:

1. जो भारत का नागरिक हो।

2. (क) जिसनें विगत 05 (पांच) वर्षो की अवधि में मध्यप्रदेश में स्थित शिक्षण संस्था में कम से कम लगातार तीन वर्षों तक अध्ययन किया हो (प्रमाण पत्र प्रारूप-5)।

अथवा

(ख) जो नीचे दिये गये स्पष्टीकरण (1) के अनुसार मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी हो

(प्रमाण पत्र प्रारूप-6)।

(ग) जो निम्नलिखित का पुत्र/पुत्री हो:

अथवा

(1) मध्यप्रदेश शासन के सेवारत अथवा सेवानिवृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश शासन की सेवा में होते हुए मृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश के संवर्ग में धारित अखिल भारतीय सेवा का अधिकारी। (प्रमाण पत्र प्रारूप-7)

अथवा

(2) केन्द्रीय शासन का ऐसा कर्मचारी (जिसमें सशस्त्र सेना का कर्मचारी, भारतीय डाकतार, टेलीफोन तथा रेलवे विभाग के कर्मचारी सम्मिलित है) अथवा सार्वजनिक उपक्रम का ऐसा कर्मचारी जो 1 जनवरी 2025 को अथवा उसके पूर्व की तिथि से प्रवेश की तिथि तक मध्यप्रदेश में पदस्थ हो (प्रमाण पत्र प्रारूप-8)।

अथवा

(3) ऐसा व्यक्ति जो केन्द्रीय शासन अथवा राज्य शासन की किसी योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश में स्थायी रूप से बस गया हो (प्रमाण पत्र प्रारूप-9)।

**स्पष्टीकरण-1:** मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी: अभ्यर्थी मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी तभी माना जावेगा जब वह नीचे दी गई दोनों शर्तो (अ) एवं (ब) की पूर्ति करेगा।

(अ) वह मध्यप्रदेश में पैदा हुआ हो।

अथवा

अभ्यर्थी स्वयं या उसका पिता या माता (यदि पिता जीवित न हो) अथवा यदि पिता/माता दोनों जीवित न हो तो उसका वैध अभिभावक मध्यप्रदेश में निरंतर 15 वर्ष से रह रहा/रही हो अथवा अभ्यर्थी स्वयं अथवा उसका पिता/माता (यदि पिता जीवित न हो) अथवा यदि पिता/माता दोनों जीवित न हो तो उसका वैध अभिभावक परीक्षा के वर्ष के पहले कम से कम पांच वर्ष से मध्यप्रदेश में कोई व्यवसाय अथवा व्यापार कर रहा हो अथवा कोई अचल संपत्ति रखता हो।

(ब) उसने मध्यप्रदेश स्थित किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था में कम से कम तीन वर्ष तक अध्ययन किया हो, जिसमें कक्षा एक के पूर्व की शिक्षा सम्मिलित नहीं होगी।

अथवा

उसने मध्यप्रदेश स्थित किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था से आठवीं कक्षा 10+2 प्रणाली की दसवीं/बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो ।

**टिप्पणी:** मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी संबंधी प्रमाण-पत्र (प्रारूप-6 के अनुसार) संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा अथवा कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा जारी किया जाना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में संदर्भ क्रमांक, जारी करने की तिथि व कार्यालय सील तथा जारी करने वाले अधिकारी के नाम व पद का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

**स्पष्टीकरण-2 (अभिभावक):** किसी भी अभ्यर्थी के अभिभावक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संबंधित जिला दण्डाधिकारी की राय में आवेदक के पिता और माता की मृत्यु के बाद से आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक उसका अथवा उसकी अचल संपत्ति का अथवा दोनों का वास्तविक संरक्षक/नियंत्रक हो। अभिभावक होने के संबंध में सक्षम न्यायालय से तदाषय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी के पिता जीवित न हो परन्तु माता जीवित हो तो माता को ही अभ्यर्थी का स्वाभाविक अभिभावक माना जावेगा और अन्य किसी व्यक्ति को अभिभावक के रूप में मान्यता नहीं होगी।

**स्पष्टीकरण-3 (दत्तक पुत्र/पुत्री):** यदि कोई आवेदक अनारक्षित अथवा आरक्षित श्रेणी में दत्तक पुत्र/पुत्री के आधार पर प्रवेश चाहे तो उसे दत्तक पुत्र/पुत्री होने के संबंध में समाधान कारक प्रमाण प्रस्तुत करना होगा जो प्रवेश के लिए आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि के कम से कम पांच वर्ष पूर्व प्रतिपादित वैध दत्तकनामा होगा, दत्तकनामा तब तक मान्य नहीं किया जावेगा जब तक उसकी संपुष्टि विद्यालय/ महाविद्यालय के अभिलेख तथा उच्च माध्यमिक/बी.एससी. भाग एक अथवा गत पांच वर्षो से आवेदक द्वारा उत्तीर्ण किसी परीक्षा के प्रमाण-पत्र से नहीं हो जाती है। इन नियमों के अन्तर्गत प्रवेश की पात्रता के लिए ऊपर वर्णित अभिलेख में दर्ज आवेदक के पिता का नाम ही केवल मान्य होगा। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के दत्तक आवेदकों के मामलों में जो आवश्यक होगा कि ऐसे आवेदक गोद लिए जाने के पूर्व भी क्रमश: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के ही रहे हों।

ऐसे आवेदक जो मूलतः अन्य जाति के हो तथा उन्हें किन्ही अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के व्यक्तियो ने गोद लिया हो, अनुसूचित जाति एवं जन जाति के आवेदक को प्राप्त सुविधा एवं लाभ के पात्र नहीं होगें।

### 1.8.5 अनुसूचित जाति (एस.सी.) तथा अनुसूचित जन जाति (एस.टी.) श्रेणी:

(अ) आवेदक को इस नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप 2 अथवा म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, और

(ब) निर्धारित प्रारूप 1 में आवेदक अपने पिता का और पिता जीवित न हो तो माता का और यदि माता-पिता दोनों जीवित न हो तो वैध अभिभावक का शपथ-पत्र (विवाहित लड़की के संबंध में यह शपथ-पत्र उसके पति द्वारा) प्रस्तुत किया जाना होगा।

यदि ऐसा शपथ-पत्र किसी प्रकार से झूठा या गलत पाया गया तो अभ्यर्थी का प्रवेश संबंधी दावा अस्वीकार कर दिया जावेगा या यदि उसने प्रवेश पा लिया है तो उसे निरस्त कर दिया जावेगा।

1.8.6 **(अ) स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी (एफ एफ) श्रेणी:** सभी स्नातक उपाधि कार्यक्रम की समस्त श्रेणियों में प्रवेश हेतु 3 प्रतिशत स्थान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के उन पुत्र/पुत्रियों एवं पौत्र/पौत्रियों, नाती/नातिन के लिए आरक्षित है जो नियम 1.8.4. के अन्तर्गत म.प्र. के वास्तविक निवासी होने की शर्ते पूरी करते हैं। नियम के प्रयोजन के लिए स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों से तात्पर्य यह है कि उसका नाम म.प्र. के संबंधित जिले के कलेक्ट्रेट में रखी गयी सूची में पंजीकृत है।

**टिप्पणी:** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के अन्तर्गत प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को म.प्र. के संबंधित जिले के कलेक्टर से निर्धारित प्रारूप-4 में प्रमाण-पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा। केवल कलेक्टर अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया यह प्रमाण-पत्र ही अभ्यर्थी का इस श्रेणी का होने संबंधी एक मात्र वैध प्रमाण होगा। (प्रमाण पत्र प्रारुप-4)

1.8.6 **(ब) सैनिक वर्ग (एस):** सैनिक वर्ग (एस) में प्रतिरक्षा कर्मचारियों के रुप में सेवा कर चुके भूतपूर्व सैनिक कार्यरत प्रतिरक्षा कर्मचारी तथा ऐसे प्रतिरक्षा कर्मचारी जिनकी सेवा के दौरान मृत्यु हो चुकी हो या जो सेवा के दौरान स्थाई रुप से विकलांग हो गये हो इस वर्ग के अंतर्गत प्रवेश हेतु दावा करने वाले अभ्यर्थी को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह मध्यप्रदेश में व्यवस्थापित भूतपूर्व सैनिक का पुत्र/पुत्री है। भूतपूर्व सैनिक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा के अंतर्गत आता है। भूतपूर्व सैनिक के पुत्र/पुत्री होने के फलस्वरुप प्रवेश का दावा करने वाले अभ्यर्थी को अपने पिता/माता का भूतपूर्व सैनिक सबंधी प्रमाण-पत्र इस नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारुप-12 भाग-अ में तथा अपने पिता/माता के मध्यप्रदेश में व्यवस्थापित होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रारुप-13 में, संबंधित जिले के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (पूर्व का पदनाम सचिव जिला-सैनिक बोर्ड) से प्राप्त कर प्रस्तुत करने होगे।

अथवा

वह मध्यप्रदेश के बाहर पदस्थ ऐसे प्रतिरक्षा कर्मचारी का/की पुत्र/पुत्री है, जो मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी है। (प्रमाण पत्र प्रारुप-12 भाग-ब) अभ्यर्थी को अपने पिता/माता के मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रारुप-8 में प्रस्तुत करना होगा।

अथवा

वह 1 जनवरी, 2025 का अथवा उसके पूर्व की तिथि से प्रवेश की तिथि तक मध्यप्रदेश में पदस्थ प्रतिरक्षा कर्मचारी का/की पुत्र/पुत्री है। (प्रमाण पत्र प्रारुप 12 भाग-ब)

**टिप्पणीः-** सैनिक वर्ग के अंतर्गत किसी अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में किसी संदेह अथवा विवाद की स्थिति में संचालक, सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम होगा (प्रपत्र-नमूना क्रमांक 12 अ,ब, एवं 13 संलग्न)

1.8.7 म.प्र. में रहने वाले ऐसे किसानों के पुत्र तथा पुत्री जो कि कृषि में स्थायी रूप से कार्यरत् है तथा जिनकी जीविका पूर्णतः कृषि पर आधारित हो, के लिए प्रत्येक आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत 5 प्रतिशत होरीजोन्टल आरक्षण होगा।

(क) इस वर्ग के अभ्यर्थियो को आरक्षण का लाभ कृषकों के उन पुत्र/पुत्रियों को प्राप्त होगा जिन्होने प्राथमिक (कक्षा पांचवीं), माध्यमिक (आठवीं), मैट्रिक/हाई स्कूल (दसवीं) तथा उच्चतर माध्यमिक (बारहवीं) में से कोई दो कक्षाओं में ग्रामीण क्षेत्र की शाला से नियमित छात्र के रूप में अध्ययन किया हो। इस संबंध में स्वाध्यायी छात्रों के लिए यह आवश्यक होगा कि उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों के परीक्षा केन्द्रों से उपरोक्त मे से कोई दो परीक्षाएं उत्तीर्ण की हो।

(ख) शाला का ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत होना प्रमाणित करने के लिए तहसीलदार अथवा विकासखण्ड अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप-11 में प्रदत्त प्रमाण-पत्र मान्य होगा।

1.9. **पी.ए.टी. 2025 में समान कुलांक पाने वाले परीक्षार्थियों की प्रावीण्यता:** समान परसेंटाइल पाने वाले परीक्षार्थियों की प्रावीण्यता निम्नलिखित मापदण्डों के आधार पर निर्धारित की जायेगी। इस हेतु पी.ए.टी. 2025 के पाठ्यक्रमों के लिए विषयों को निम्नलिखित महत्ता क्रम दिया गया है:

1.9.1 बी.एससी. (आनर्स) कृषि/उद्यानिकी/वानिकी

(अ) 1. कृषि 2. जीव विज्ञान 3. रसायन 4. भौतिकी 5. गणित

(ब) 1. कृषि के लिए उपयोगी विज्ञान एवं गणित के तत्व

2. फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र

3. पशुपालन एवं कुक्कुट पालन के तत्व

(स) जीव विज्ञान, रसायन एवं कृषि

समान परसेंटाइल होने पर पारस्परिक वरीयता का निर्धारण (ब), (स),(अ) के क्रमानुसार रहेगा |

1.9.2 बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी): 1. गणित 2. भौतिकी 3. रसायन

1.10 **प्रावीण्य सूची घोषित करने की विधि:**

1.10.1 सभी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का चयन योग्यता के आधार पर होगा। म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में पाठयक्रमों से संबंधित विषय समूहों में परीक्षार्थी के प्राप्तांकों के आधार पर पाठयक्रमानुसार एवं श्रेणीवार/वर्गवार प्रावीण्य सूचियां बनाई जावेगी।

1.10.2 (अ) आरक्षित श्रेणी के उन अभ्यर्थियों को जिनके प्राप्तांक अनारक्षित श्रेणी के सफल अन्तिम अभ्यर्थी से अधिक हो उनकी गणना अनारक्षित श्रेणी में की जाकर उन्हें अनारक्षित श्रेणी में प्रवेश दिया जावेगा एवं उतनी संख्या में अनारक्षित श्रेणी के अन्तिम प्रवेशित अभ्यर्थियों को मेरिट सूची से हटा दिया जायेगा। आरक्षित श्रेणी का कोटा यथावत उतना रिक्त माना जायेगा। परन्तु यह विभिन्न श्रेणियों में होरीजेन्टल आरक्षण के अन्तर्गत वर्गो में लागू नहीं होगा।

(ब) आरक्षित श्रेणी/वर्ग के जिन अभ्यर्थियों को सामान्य बिना संवर्ग श्रेणी में प्रवेश प्राप्त हो रहा है, उन्हें निर्धारित प्रपत्र में वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(स) यदि किसी श्रेणी में निर्धारित मापदण्ड के आधार पर 33 प्रतिशत महिलाएं न मिलें तो उनके रिक्त स्थानों की पूर्ति उसी श्रेणी के पुरूषों से जायेगी।

1.10.3 महाविद्यालयों में प्रवेश मेरिट एवं विकल्प के आधार पर काउन्सिलिंग/आवंटन पद्धति के द्वारा किया जावेगा। रिक्त फ्री सीट, पेमेन्ट सीट एवं एन.आर.आई सीट पर ही विश्वविद्यालयों द्वारा गठित समिति के द्वारा काउन्सिलिंग की जावेगी।

1.10.4 कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा शैक्षणिक सत्र जुलाई, 2025 से प्रारम्भ होगा तथा प्रवेश 30.09.2025 तक दिये जायेगें। उसके पश्चात प्रतीक्षा सूची स्वतः समाप्त मानी जावेगी। प्रवेश हेतु स्थान रिक्त रहने पर प्रतीक्षा सूची की वैधता राज्य शासन की स्वीकृति से बढ़ाई जा सकेगी।

1.10.5 म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा जारी प्रावीण्य सूचियों के आधार पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता आवेदकों को अस्थायी प्रवेश प्रदान करेंगें। प्रवेश के लिए आवेदक को पाठयक्रम से संबंधित प्रवेश नियमों में उल्लेखित योग्यता/अर्हता/शर्तों को पूरा करना होगा। आवेदक को उसके द्वारा आवेदन पत्रों में उल्लेखित विवरणों की पुष्टि हेतु आवश्यक मूल प्रमाण-पत्र प्रवेश दी गयी संस्था में प्रवेश के समय निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने होंगे। प्रमाण पत्रों के निर्धारित प्रारूप इस नियम पुस्तिका में दिये गये हैं।

1.10.6 बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी) पाठयक्रम में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यदि कोई सीट रिक्त रह जाती है या हो जाती है तो राज्य शासन की स्वीकृति से भरने का अधिकार संबंधित विश्वविद्यालय को होगा।

1.11 **प्रमाण पत्रों का प्रवेश के समय प्रस्तुतीकरण:** आवेदक को उसके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित विवरणों की पुष्टि हेतु आवश्यक मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें। आवश्यक प्रमाण पत्रों को प्रवेश दी गयी संस्था में प्रवेश के

समय निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने होगें। प्रमाण पत्रों के निर्धारण प्रारूप इस नियम पुस्तिका में दिये गये हैं। म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में भी प्रमाण पत्र मान्य होगा।

यदि यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा झूठी/गलत जानकारी के आधार पर अथवा कुछ तथ्यों को छुपा कर प्रवेश पाया गया है अथवा प्रवेश पश्चात कभी भी यह पता चलता है कि आवेदक को किसी त्रुटि अथवा भूलवश प्रवेश दे दिया गया था, तो संस्था प्रमुख/विभाग प्रमुख अथवा म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आवेदक के प्रवेश को उस पाठयक्रम की अवधि के दौरान कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जायेगा। प्रवेश नियमों से संबंधित सभी नीति विषयक प्रश्नो को निपटाने हेतु म.प्र., किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सर्वोच्च निर्णायक होगा।

यदि प्रवेश नियमों के स्पष्टीकरण/ व्याख्या से संबंधित कोई विवाद खड़ा होता है तो उस निर्णय हेतु मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को संदर्भित किया जावेगा जिस पर विभाग का निर्णय अन्तिम होगा। प्रवेश नियमों में संशोधन के अधिकार मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को है। प्रवेश नियमों में प्रवेश हेतु सीटों की संख्या,प्रवेश हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एवं शुल्क आदि के सबंध में निर्णय लेने का अधिकार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को है तथा इस संबंध में विभाग का निर्णय अन्तिम होगा।

## 1.12 शिक्षण शुल्क की जानकारी

1.12.1 पी.ए.टी. के माध्यम से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में कृषि, वानिकी एवं उद्यानिकी तथा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में कृषि एवं उद्यानिकी में प्रवेश लेने वाले छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :

### शुल्क का विवरण (प्रति सेमेस्टर)

(राशि रूपये)

| क्रमांक | शुल्क का विवरण* | रा.वि.सि.कृ.वि.वि, ग्वालियर | ज.ने.कृ.वि.वि. जबलपुर | |
|---|---|---|---|---|
| | | कृषि/उद्यानिकी | कृषि/वानिकी/उद्यानिकी | कृषि अभियांत्रिकी |
| 1 | शिक्षण शुल्क | 9515 | 9515 | 11860 |
| 2 | चिकित्सा शुल्क | 490 | 540 | 540 |
| 3 | खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधि शुल्क | 735 | 1100 | 1100 |
| 4 | परीक्षा शुल्क | 735 | 810 | 810 |
| 5 | महाविद्यालय समामेलन शुल्क | 385 | 425 | 425 |
| 6 | प्रयोगशाला शुल्क | 485 | 485 | 485 |
| 7 | पुस्तकालय शुल्क | 735 | 735 | 735 |
| 8 | आवेदन शुल्क | 580 | 640 | 640 |
| 9 | नामांकन शुल्क | 485 | 535 | 535 |
| 10 | उपाधि/डिप्लोमा | 865 | 955 | 955 |
| 11 | कॉलेज कॉशन शुल्क | 935 | 1030 | 1030 |
| 12 | पुस्तकालय कॉशन शुल्क | 935 | 1030 | 1030 |
| 13 | कोर्स कार्रिकुलम | 185 | 205 | 205 |
| 14 | शैक्षणिक नियम पुस्तिका | 90 | 100 | 100 |
| 15 | रेडक्रॉस योगदान | - | - | - |
| 16 | विद्यार्थी बीमा शुल्क | प्रावधान अनुसार | प्रावधान अनुसार | प्रावधान अनुसार |
| 17 | कृषि विश्व/विजय पत्रिका | 150 | 165 | 165 |
| 18 | महाविद्यालय पत्रिका | 185 | 205 | 205 |
| 19 | विद्यार्थी सहायता | 185 | 205 | 205 |
| 20 | पेमेन्ट सीट हेतु शिक्षण शुल्क | 35695 | 35700 | 47590 |
| 21 | एन.आर.आई. हेतु शिक्षण शुल्क (वार्षिक शुल्क) | $ 2385 p.a. | $ 2385 p.a. | $ 2385 p.a. |

*छात्रावासीय शुल्क उक्त विवरण में शामिल नहीं है। वह छात्रावासीय सुविधा लेने पर पृथक से देय होगा।

1.12.2 कृषि अभियान्त्रिकी में प्रवेश लेने वाले सामान्य वर्ग के छात्रों से शुल्क का विवरण 1.12.1 की तालिका में दर्शाया गया है।

1.12.3 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति तथा पिछड़ा वर्ग के छात्रों को म.प्र. शासन द्वारा नियमानुसार एवं निर्धारित पात्रतानुसार आवेदन प्रस्तुत करने पर शिक्षण शुल्क में छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा।

1.12.4 सामान्य निर्धन वर्ग के छात्रों को विक्रमादित्य योजना के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा नियमानुसार एवं निर्धारित पात्रतानुसार आवेदन प्रस्तुत करने पर शिक्षण शुल्क में छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा।

1.13 स्वास्थ्य संबंधी कारणों को विशेष प्रकरण मानते हुये अंतर विश्वविद्यालय में छात्रों के स्थानांतरण का प्रावधान रहेगा।

**विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी**
**मध्यप्रदेश शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल**

# मध्यप्रदेश शासन
## किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
## महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.)

**पी.ए.टी. 2025 प्रवेश नियम:**

**2.13 सामान्य जानकारी:** ये नियम प्रवेश नियम 2025 कहलायेगे, जो कि मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा जारी तथा मंडल द्वारा प्रकाशित किये गए हैं. बी.एस.सी.(कृषि) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु लागू होगे:

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | प्रवेश हेतु | प्रवेश हेतु योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस सी.(कृषि) | 04 वर्ष | महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) | माध्यमिक शिक्षा मंडल (म.प्र.) की 10+2 की 12 वी या समकक्ष परीक्षा निम्न विषयो सहित उत्तीर्ण<br>(अ) विज्ञान समूह- अर्थात भौतिक, रसायन एवं निम्न में से कोई एक विषय (1) गणित (2) जीव विज्ञान<br>अथवा<br>(ब) कृषि समूह (1) कृषि के लिए उपयोगी विज्ञान एवं गणित (2) फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र एवं पशुपालन एवं कुक्कुट पालन के तत्व |

**2.14 अर्हकारी योग्यता :**

2.14.1 बी.एस सी.(कृषि) पाठ्यक्रमो की प्रवेश परीक्षा में वे छात्र भी सम्मिलित हो सकते है जो इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की 10+2 की 12वी कक्षा या समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हो चुके है या होने वाले है. किन्तु इन छात्रों को उपरोक्त पाठ्यक्रमो में प्रवेश हेतु चयन तभी मान्य होगा जब वे प्रवेश के समय अर्हकारी 10+2 की 12 वी कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की अंक सूची प्रस्तुत करेगे. ऐसे आवेदक जो इस वर्ष की अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण न होकर बाद की किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होते है, वे प्रवेश के पात्र नहीं होगे, भले ही उन्होंने पी.ए.टी. की प्रवीणता सूची में स्थान क्यों न प्राप्त कर लिया हो ।

2.14.2 बी.एस सी.(कृषि) में प्रवेश मंडल द्वारा जारी मेरिट सूची के आधार पर दिया जायेगा ।

**2.15 उपलब्ध सीट एवं आरक्षण :**

2.15.1 बी.एस सी.(कृषि) में उपलब्ध सीटो एवं श्रेणीवार आरक्षण का विवरण तालिका 2.1 (ब) में अंकित है जो म.प्र. शासन द्वारा संस्तुत नियमों के आधार पर बनायीं गई है तथा उनमे प्रवेश शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार ही देय होगा ।

**2.16 प्रमाण पत्र :**

2.16.1 प्रवेश देने पर उम्मीदवार के वांछित प्रमाणपत्र एवं मूल अभिलेख विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के द्वारा जमा करा लिए जायेगे तथा उसे इस आशय का प्रमाणपत्र विश्वविद्यालय/संकाय द्वारा दिया जायेगा. मूल दस्तावेज अध्ययन पूर्ण करने अथवा आवंटी द्वारा प्रवेशित सीट छोड़ने की स्थित में ही लौटाए जायेगे ।

2.16.2 प्रवेशित छात्र/छात्राओ के प्रवेश के समय विश्वविद्यालय के नियमों के पालन हेतु निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

2.16.3 यदि कोई उम्मीदवार आवंटित प्रवेश पत्र में उल्लेखित दिनांक को विश्वविद्यालय/संकाय में उपस्थित नहीं होता है अथवा उपस्थित होकर छोड़ देता है अथवा संस्था प्रमुख को सूचित किये बिना लगातार 15 दिवस अनुपस्थित रहता है तो उस सीट के लिए उसके सभी अधिकार स्वतः ही समाप्त हो जायेगे ।

## 2.17 शिक्षण शुल्क की जानकारी:

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना में पी.ए.टी. के माध्यम से कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्रों से फ्री सीट एवं पेमेंट सीट हेतु क्रमशः 17635/- व 37335/- शुल्क प्रति वर्ष अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा।

**आरक्षण तालिका 2.1 (ब)**

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.)
बी.एस सी.(कृषि)
पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सीटो का विवरण निम्नानुसार होगा

| महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट | फ्री सीटों का वर्गीकरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी.एस सी. (कृषि) | खुली स्पर्धा सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | FF/ PH | योग | | | | महा योग |
| | X | EWS | F | EWS | X | F | K | X | F | K | X | F | K | | X | F | K | FF/PH | 80 |
| | 25 | 03 | 11 | 01 | 07 | 04 | 01 | 09 | 05 | 01 | 07 | 03 | 01 | 02 | 51 | 24 | 03 | 02 | |

| महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट | पेमेन्ट सीटों का वर्गीकरण | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी.एस सी. (कृषि) | खुली स्पर्धा सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | FF/PH | योग | | | महा योग |
| | X | EWS | F | EWS | X | F | X | F | X | F | | X | F | FF/PH | 40 |
| | 13 | 01 | 05 | 01 | 04 | 02 | 05 | 02 | 04 | 02 | 01 | 27 | 12 | 01 | |

**टीप:**

1. उपरोक्त आरक्षण तालिका मध्यप्रदेश शासन द्वारा संस्तुत नियमों के आधार पर बनायी गयी हैं।
2. पेमेंट सीटों के तहत प्रवेश हेतु उम्मीदवार को मध्यप्रदेश शासन का मूल निवासी होना अनिवार्य नहीं है ।
3. सामान्य निर्धन वर्ग के छात्रों को विक्रमादित्य योजना के अन्तर्गत राज्य शासन द्वारा निर्धारित पात्रतानुसार शिक्षण शुल्क माफ़ किया जायेगा ।
4. अ.जा., अ.ज.जा. एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को राज्य शासन के नियमानुसार शुल्क प्राप्त की जाएगी।
5. आरक्षण तालिका में नियमानुसार ई.डब्लू.एस. की सीटों को आरक्षित किया गया हैं ।

**विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी**
**मध्यप्रदेश शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल**

## अध्याय-2

## म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल परीक्षा संचालन के नियम एवं निर्देश

### खण्ड-अ

**2.1** (i) इस परीक्षा हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त किए जायेंगे, जिसमें से आवेदक द्वारा अपनी शैक्षणिक व अन्य अर्हता को ध्यान में रखते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। **अभ्यर्थी शैक्षणिक अर्हताओं का भलीभॉति अध्ययन उपरान्त ही आवेदन पत्र भरें।**

(ii) **विभागीय नियमावली एवं अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही परीक्षा व परिणाम संबंधी कार्यवाही की जावेगी ।**

(iii) **सीट्स की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।**

(iv) **अभ्यथी के परीक्षा केन्द्र/तिथि परिवर्तन के आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे**

**2.2** (i) <u>आवेदक के पास न्यूनतम शैक्षणिक अर्हतायें काउसलिंग की तिथि को अनिवार्य रूप से पूर्ण होने चाहिये</u>।

(ii) आवेदक द्वारा गलत जानकारी दिये जाने की स्थिति में उनका आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा ।

(iii) ऑनलाईन आवेदन-पत्र में भरी गई जानकारी का सत्यापन चयन/प्रवेश के समय संबंधित विभाग/संस्था द्वारा किया जायेगा।

(iv) यदि बाद में यह पता चलता है कि आवेदक द्वारा गलत अथवा असत्य जानकारी दी गई है अथवा किसी जानकारी को छुपाया है ऐसी स्थिति में किसी भी स्तर पर संस्था प्रमुख/संबंधित विभाग द्वारा परीक्षा में प्रवेश/चयन/नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी ।

(v) आवेदक द्वारा छद्म रूप से एक से अधिक आवेदन किये जाने एवं तदनुसार परीक्षा में बैठने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त की जावेगी ।

**2.3 परीक्षा हाल में ले जाने हेतु आवश्यक सामग्री :-**

(i) बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश-पत्र।

(ii) बॉलप्वाइंट पेन। (उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर एवं अन्य लिखित कार्य हेतु।)

(iii) फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र - मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, अधिकारिक रूप से जारी एवं हस्ताक्षरित अंकसूची मय फोटोग्राफ तथा पासपोर्ट में से कोई एक लाना अनिवार्य, यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा ।

**2.4** परीक्षा में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाईस यथा Scientific Calculator, Mobile Phone,Bluetooth Device, Programmable Calculator, Watch Alarms, Listening Devices, Paging Devices (Beepers), Recording Devices, Protectors, Compasses, sun glasses Scales and whitener इत्यादि पूर्णत: वर्जित है।

**2.5** लिखित परीक्षा में नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाएँ नियमानुसार लागू होने पर :-

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रं. एफ-8-2/05/आ.प्र./एक, दिनांक 08.09.2011 एवं पी ई बी के आदेश क्रमांक पी ई बी / प-1 / 712 / 2020 भोपाल दिनाक 05/02/2020 के आधार पर लिखित परीक्षा में नि:शक्तजन के लिए निम्नानुसार सुविधाएँ प्रदान की जायेगी :-

(अ) यह सुविधा निम्नलिखित अभ्यर्थियों को प्रदान की जावेगी :-

1. दृष्टिबाधित, ऊपरी हिस्से में (हाथ से) नि:शक्त तथा सेरिब्रल पल्सी से नि:शक्तजन परीक्षार्थी।
2. मानसिक रूप से संस्तभ (स्पैस्टिक) डाइसलेक्सिक और पर्सन्स विद डिसएबिलिटिज एक्ट 1995 में परिभाषित अशक्तता वाले परीक्षार्थी।
3. ऐसे परीक्षार्थी जो अचानक बीमार हो जाने की स्थिति में जब वह लिखने में असमर्थ हो, इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो, जो सहायक सर्जन रैंक से कम का न हो।
4. दुर्घटना हो जाने पर जब परीक्षार्थी लिखने में असमर्थ हो और इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो, जो सहायक सर्जन से कम रैंक का न हो।

(ब) प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ :-

उपरोक्त से संबंधित अभ्यर्थियों को सहायक अथवा प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान की जावेगी | किन्तु दृष्टिबाधित दिव्यांग अभ्यर्थियों को सहायक एवं प्रतिपूरक समय दोनों की सुविधा प्रदान की जावेगी | सहायक अथवा प्रतिपूरक समय अथवा दोनों (दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों हेतु) की सुविधा लेने हेतु अभ्यर्थी द्वारा सम्पूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं शपथ पत्र सहित MPESB कार्यालय को परीक्षा प्रारंभ होने की दिनांक से 10 दिवस पूर्व प्रस्तुत करनी होगी ताकि MPESB स्तर पर नियमानुसार लिखित अनुमति प्रदान की जा सके| आपरिहर्य कारणों से पूर्व में आवेदित लेखन सहायक उपस्थित न होने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा केन्द्राध्यक्ष के सत्यापन उपरांत नियमानुसार निर्धारित शर्तों के अनुरूप योग्यताधारी अन्य लेखन सहायक की सुविधा हेतु अनुमति दी जा सकेगी |

(i) लेखन सहायक की नियुक्ति हेतु शर्तें :-

लेखन सहायक एक ऐसा विद्यार्थी होना चाहिए, जो परीक्षार्थी द्वारा दी जा रही परीक्षा की शैक्षणिक अहर्ता/प्रश्न पत्र के स्तर (जो भी कम हो) से एक स्तर नीचे का होना चाहिए | उदाहरण के लिए यदि परीक्षा की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक उपाधि है तो लेखन सहायक की योग्यता हायर सेकण्ड्री होना चाहिए ।

(ii) प्रतिपूरक समय हेतु शर्तें :-

यदि अभ्यर्थी प्रतिपूरक समय हेतु आवेदन करता है तो उसे निम्नानुसार प्रतिपूरक समय की पात्रता होगी :-

| | |
|---|---|
| 3 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए | 60 मिनट |
| 2 घंटे 30 मिनिट की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए | 50 मिनट |
| 2 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए | 40 मिनट |
| 1 घंटे 30 मिनिट की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए | 30 मिनट |

(स) इसके अतिरिक्त प्रदाय की जाने वाली सुविधाएँ :-

यथा संभव ऐसे अभ्यर्थियों का परीक्षा कक्ष भूतल पर निर्धारित किया जावेगा |

## 2.6 प्रवेश-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया :

ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक का प्रयोग कर आवेदक अपना प्रवेश-पत्र MPESB की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in से मुद्रित कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

## 2.7 परीक्षा प्रवेश-पत्र (Test Admit Card) :-

(i) नियमानुसार मान्य ऑनलाईन आवेदन-पत्रों के प्रवेश-पत्र (Test Admit Card-TAC) ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर दो भागों में उपलब्ध कराए जायेंगे। जिसमें प्रथम भाग में आवेदक, परीक्षा का नाम, रोल नंबर एवं परीक्षा केन्द्र का विवरण इत्यादि समाहित होगा।

(ii) अतिरिक्त रूप से इस भाग में आवेदक के आवेदन पत्र में भरे गये शरीर के स्थायी पहचान चिन्ह तथा फोटोयुक्त पहचान पत्र का विवरण तथा क्रमांक भी अंकित होगा।

(iii) परीक्षा के दौरान ही वीक्षक के समक्ष अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, **बाये हाथ के अंगूठे का निशान** तथा हस्तलिपि (बाल पांईट पेन से) अंकित करना होगी।

(iv) प्रवेश-पत्र पृथक से डाक द्वारा प्रेषित नहीं किए जायेंगे।

## 2.8 मूल्यांकन पद्धति:-

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक दिया जायेगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
